प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 15.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज जयपुर के दौरे पर–पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके स्मारक पुस्तकालय का उद्घाटन करेंगें
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अधिकारियों को आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए चलाई जा रही परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिएं
- 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान के सम्मान में प्रदेश में भी तिरंगा यात्राओं का आयोजनं
- प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद एक बार फिर तापमान में बढोतरी –श्रीगंगानगर में पारा 45 डिग्री के पारं

000000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज जयपुर के एक दिवसीय दौरे पर हैं श्री धनखड़ पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके स्मारक पुस्तकालय का उद्घाटन करेंगें विद्याधर नगर स्टेडियम में होने वाले इस समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई गणमान्य अतिथि भाग लेंगें पूर्व उपराष्ट्रपति श्री शेखावत अगस्त 2002 से जुलाई 2007 तक भारत के 11वें उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के पदेन सभापति रहें उन्होंने 1952 में राजस्थान विधानसभा के सदस्य के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत कीं श्री शेखावत तीन बार प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहें

0000

प्रदेश में चिकित्सा तंत्र को मजबूत करने और सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा को नया आयाम देने के लिए आरयूएचएस का उन्नयन कर राजस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ''रिम्स'' की स्थापना की जायेगीं इसे दिल्ली एम्स की तर्ज पर विकसित किया जायेगां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यो की समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि विकास कार्यो को समय से पूरा किया जायें मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए चलाई जा रही परियोजनाओं में तेजी लाने को कहां

.....

0000

रीको की प्रत्यक्ष भूखंड आवंटन योजना के दूसरे चरण के लिए आज से ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगें रीको प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार ने बताया कि इसके तहत राइजिंग राजस्थान निवेश सम्मेलन में 30 अप्रैल तक एमओयू करने वाले निवेशकों को चिन्हित औद्योगिक क्षेत्रों में आरक्षित मूल्य पर भूखंड आवंटित किये जाएंगें योजना में 98 विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में करीब 7 हजार एक सौ भूखंड उपलब्ध हैं योजना में महिला वर्ग, अनुसूचित जाति और जनजाति तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए भी भूखंड आरक्षित किये गये हैं भूखंड आवंटन की ई लॉटरी 5 जून को निकाला जाना प्रस्तावित हैं

000

उच्च न्यायालय ने कोचिंग संस्थानों में विद्यार्थियों के आत्महत्या से जुडे मामले में सुनवाई करते हुए कहा है कि वर्ष 2019 से इस संबंध में कानून बनाने की बात हो रही है, लेकिन अभी तक कोचिंग संस्थानों को रेगुलेट करने का कानून नहीं बना हैं कानून बनने तक बनाई गई गाइडलाइन को भी लागू नहीं किया जा रहा हैं मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और न्यायाधीश मुकेश राजपुरोहित ने इस मामले में लिए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई कीं सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि आत्महत्याओं को लेकर न्यायमित्र की ओर से पूर्व में पेश आंकड़ों का सत्यापन किया गया हैं दूसरी ओर एक कोचिंग सेंटर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में मामला विचाराधीन हैं जिस पर 23 मई को सुनवाई होनी हैं ऐसे में तब तक हाईकोर्ट की ओर से कोई आदेश नहीं दिया जाएं इस पर अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद रखी हैं

0000

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान का सम्मान करने के लिए देशभर में 'तिरंगा यात्रा' निकाली जा रही हैं भाजपा की ओर से आयोजित इस ग्यारह दिन की यात्रा का उद्देश्य नागरिकों, समुदायों और क्षेत्रों में राष्ट्रीय गौरव तथा एकता की भावना पैदा करना हैं इसी कडी में आज राजधानी जयपुर में तिरंगा यात्रा निकाली जायेगीं यात्रा के प्रदेश समन्वयक भूपेंद्र सैनी ने बताया कि अल्बर्ट हॉल से सुबह 10 बजे से शुरू होने वाली यह यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई बडी चौपड पर सम्पन्न होगीं इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ उपस्थित रहेंगें इसके अलावा सभी राजनीतिक दलों के साथ सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता भी शामिल होंगें

इससे पहले बाडमेर में कल शाम तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गईं यात्रा को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने रवाना कियां इस मौके पर वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री के के विश्नोई सहित कई भाजपा नेता उपस्थित रहें

0000

पीएम कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा संयत्र लगाने के लिए प्रदेश में किसानों को प्रेरित किया जा रहा हैं योजना में कम्पोनेन्ट बी के तहत संयत्र लगाने के लिए कृषकों को 60 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगां जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां चालू वित्त वर्ष में साढे तीन हजार संयत्र स्थापना का लक्ष्य मिला हैं

.....

0000

प्रो. अखिल रंजन गर्ग को बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु पद पर नियुक्त किया गया हैं राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं प्रोफेसर गर्ग की यह नियुक्ति कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक के लिये होगीं

0000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद एक बार फिर तापमान में बढोतरी देखी जा रही हैं मौसम विभाग के अनुसार कल प्रदेश के 22 शहरों का पारा 40 डिग्री के पार दर्ज किया गयां श्रीगंगानगर का पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गयां इस बीच कल कुछ शहरों में आंधी के साथ बारिश भी हुईं भीलवाड़ा, कोटा, चूरू और संगरिया सहित कुछ अन्य स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गईं विभाग ने पश्चिम राजस्थान के शहरों में आगामी दिनों के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया हैं मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि हालांकि उत्तरी इलाकों में कहीं–कहीं अभी भी आंधी और मेघ गर्जन की गतिविधियां दर्ज हो सकती हैं

.....

0000